AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

जिस फैकल्टी का छात्र, उसी में होगी को-कॅरिकुलर की पढ़ाई

माई सिटी रिपोर्टर

लविवि के वीसी ने डीन, रजिस्ट्रार संग की बैठक, तय होगा एक समन्वयक

लखनऊ। लविवि में को-कॅरिकुलर कोर्स की पढ़ाई जिस फैकल्टी का छात्र होगा, उसी में होगी। वे इसके लिए विशेषज्ञों की भी व्यवस्था करेंगे। वहीं इनके बेहतर संचालन के लिए हर कोर्स का एक समन्वयक भी तैनात किया जाएगा। यह निर्णय शुक्रवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी डीन व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक में लिया।

को-कॅरिकुलर व वोकेशनल कोर्सों को लेकर आ रही दिक्कतों को अमर उजाला ने लगातार प्रकाशित किया है। शुक्रवार के अंक में भी 'को-कॅरिकुलर कोर्सों की सीटें फुल' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। यह स्थिति तब थी जब बुधवार को ही को-कॅरिकुलर कोर्सों की सूची विवि प्रशासन ने जारी की थी। इसे लेकर विद्यार्थी भटक रहे थे।

कॉमर्स संकाय की सूची जारी : लविवि में डीन कॉमर्स प्रो. आरके माहेश्वरी ने सूची जारी कर बताया कि बीकॉम पहले सेमेस्टर में लीडरशिप एंड पर्सनालिटी डवलपमेंट, एनवायरमेंट एंड सस्टेनेबल डवलपमेंट व पर्सनालिटी डवलपमेंट एंड ग्रूमिंग का चयन किया गया है। वहीं तीसरे सेमेस्टर में सेल्फ इनहैंसमेंट स्किल, इंटरव्यू प्रिपरेशन एंड प्लानिंग व ऑरगेनाइजेशनल लीडरशिप का चयन किया है। विद्यार्थियों को इसमें से एक कोर्स का चयन कर सकेंगे।

लविवि : 16 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित रिक्रूटमेंट ड्राइव में चार कंपनियों में 16 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि डेक्रूटिस इंटरनेशनल कंपनी में बीटेक की छात्रा वर्तिका यादव का चयन ट्रेनी सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 5.6 लाख सालाना के पैकेज पर हुआ है।

वहीं इंवेंटिक्स सॉफ्टवेयर प्रा. लि. कंपनी में बीटेक के छात्रों प्रतीक गुप्ता, आयुष कुमार, राशि सिंह का चयन फुल स्टैक डवलपर और एमसीए के छात्र प्रशांत मिश्रा का चयन फ्लटर डवलपर के पद पर 4.7 लाख सालाना के पैकेज पर हुआ है। बिग ओ नोटेशन प्रा. लि. कंपनी में बीटेक छात्रा यशस्वी श्रीवास्तव का चयन ग्रेजुएट मैनेजमेंट इंटर्न के पद पर 4.5 लाख पैकेज पर हुआ है।

वहीं कैशपोर माइक्रो क्रेडिट कंपनी में एमबीए के 10 छात्रों अभय चंद्रा, अनुष्का सिंह, गुलशन कुमार यादव, हिमांशु रंजन, मो. बिलाल, नितेश यादव, आयुष पांडेय, नैंसी टंडन, प्राची मिश्रा, श्रेया लाल का चयन हुआ है। इनका चयन ब्रांच मैनेजर व मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर अधिकतम 4.5 लाख सालाना के पैकेज पर हुआ है। कुलपति प्रो. आलोक राय व इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 6

'कला और शिल्प कला को बढ़ावा देगी सरकार'

■ एनबीटी सं, लखनऊ : राज्य सरकार कला और शिल्प कला को वढ़ावा देने के लिए कई तरह की योजना चला रही है। कला से जुड़े छात्र-छात्राओं को इससे लाभ मिल रहा है। यह वातें कला एवं शिल्प महाविद्यालय के 111वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार से शुरू हुए तीन दिवसीय कला समागम-2022 में गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहीं। उन्होंने कहा कि वह कला एवं शिल्प महाविद्यालय की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने की कोशिश करेंगे और इस संदर्भ में जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात भी करेंगे। कार्यक्रम में राज्य कला अकादमी और अल्मनाई असोसिएशन के अध्यक्ष सीताराम कश्यप ने कहा कि यह कार्यक्रम पूर्व स्टूडेंट्स और वर्तमान स्टूडेंट्स को जोड़ने के लिए एक सेतु का काम करेगा। असोसिएशन के उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी विभाष पांडे और प्राचार्य प्रो. रतन कुमार भी मौजूद रहे।

कला एवं शिल्प महाविद्यालय में मनाया 111वां स्थापना दिवस



पूर्व छात्रों ने ली सेल्फी।

प्रयास | एलयू में जेंडर संवेदनशीलता विषय पर हुए ऑनलाइन पाठ्यक्रम में विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

'ग्लैमर के बुलबुले से बाहर निकलने की जरूरत'

■ एनबीटी सं, लखनऊ :

ग्लैमर के बुलबुले से बाहर निकलने के लिए सचेत प्रयास करने की जरूरत है। इससे बाहर निकलने के लिए खुद के साथ कुछ समय वितान आवश्यक है। हमें लैंगिक न्याय के स्तंभ पर बने समाज के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। ये बातें फिल्म निर्देशक मधुर भंडारकर ने लखनऊ यूनिवर्सिटी में जेंडर संवेदनशीलता विषय पर हुए दो सप्ताह के ऑनलाइन पाठ्यक्रम के दौरान कहीं।

हाल में ह्यूमन रिसोर्स डिवेलपमेंट सेंटर (एचआरडीसी) और लखनऊ यूनिवर्सिटी (एलयू) की ओर से इस अंतिहास पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। एलयू चीफ प्रो. आलोक कुमार राय और एचआरडीसी के निदेशक प्रो. कमल कुमार के नेतृत्व में कोर्स का समन्वय डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने किया। ऑनलाइन कोर्स के दौरान सीपी नोएडा लक्ष्मी सिंह ने यूपी पुलिस में अपने यात्रा के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि एक पुलिस अधिकारी के रूप में महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार की कई योजनाओं को लागू किया गया है। उन्होंने यूपी सरकार के मिशन शक्ति अभियान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

इस पाठ्यक्रम के दौरान अंबेडकर विवि, दिल्ली के डीन प्रो. संतोष के. सिंह ने समाज में लैंगिक भेदभाव के सांस्कृतिक आयाम पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में लिंग-अनुपात परिदृश्य अभी भी चिंता का कारण है। मुंबई पुलिस की सोशल मीडिया काम देख रहीं सुनीधना पांडे ने मीडियाकर्मी के रूप में अपने अनुभव साझा किए।

दो भागों में बांटा गया पाठ्यक्रम

साइकॉलजी विभाग की डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने बताया कि पाठ्यक्रम को दो भागों में विभाजित किया गया था। पाठ्यक्रम का पहला भाग लैंगिक मुद्दों पर पैरेणिक, पैंद्धांतिक और सैद्धांतिक दृष्टिकोण पर केंद्रित था। दूसरा भाग लैंगिक मुद्दों पर फील्ड में काम करने वालों के अनुभवों पर आधारित था। इस पाठ्यक्रम प्रोग्राम में कई विवि और कॉलेजों के शिक्षक जुड़े। इस पाठ्यक्रम प्रोग्राम में प्रो. राकेश चंद्रा, प्रो. डीआर साहू, प्रो. निधी पांडे, प्रो. नीलम मिश्रा, प्रो. कविता उपाध्याय, प्रो. मनुका खन्ना, प्रो. मधुरिमा प्रधान, प्रो. विभूति पटेल, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. अर्चना शुक्ला, डॉ. रंजना सोंढ़ा, डॉ. किरण लता डंगवाल, शालिनी माथुर, दीपिका भारद्वाज, स्वेता पाठक, ऋतिक दास (एलजीबीटीक्यू राइट्स ऐक्टिविस्ट) व अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया।

'लिंगानुपात बराबर करने में मातृशक्ति मददगार'

■ एनबीटी, लखनऊ : महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह से संकल्पबद्ध है। इसी क्रम में सरकार ने 'महिला सम्मान, सुरक्षा स्वाभिमान' को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाया है। मातृशक्ति के सहयोग से सरकार को लिंगानुपात बराबर करने में मदद मिल रही है। ये बातें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहीं। वह शुक्रवार को शामीन विकास मंत्रालय की पहल पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुए जेंडर अभियान कार्यक्रम के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस बीच डिप्टी सीएम ने कई जिलों की स्वयं सहायता समूह महिलाओं को जेंडर चैंपियन के रूप में सम्मानित किया।

AMRIT VICHAR PAGE 7

कला समागम में विद्यार्थियों ने दिखाए हुनर

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। कला एवं शिल्प महाविद्यालय के 111वें स्थापना दिवस के तीन दिवसीय कला समागम-2022 का शुक्रवार को राज्य के गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्य ललित कला अकादमी और एल्युमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष सीताराम कश्यप, विशिष्ट अतिथि शंकर लाल लोधी, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रतन कुमार समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम के पहले दिन देश विदेश से आए कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई।

111वें स्थापना दिवस का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि गन्ना राज्य मंत्री संजय कुमार गंगवार ने कहा कि राज्य सरकार कला और शिल्प कला को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही है और कला से जुड़े छात्र-छात्राओं को इससे लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए ये बड़े गौरव की बात है कि देश विदेश को बेहतरीन कलाकार देने वाले इस महाविद्यालय में उन्हें कला समागम -2022 का उद्घाटन का मौका मिला। उन्होंने कहा कि वह आशा करते हैं कि महाविद्यालय के विद्यार्थी देश विदेश में अपना नाम रोशन करेंगे और देश के साथ ही उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे।

राज्य कला अकादमी और एल्युमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष सीताराम कश्यप ने कहा कि ये तीन दिवसीय कार्यक्रम पूर्व विद्यार्थियों और वर्तमान विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए एक सेतु का काम करेगा। वहीं कार्यक्रम में एल्युमिनी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी विभाष पांडे ने कहा कि आज से शुरू हो रहे इस कार्यक्रम में देश-विदेश के कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। इसके साथ ही कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व छात्र अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक शशि भाल सिंह भी उपस्थित रहे।

कला समागम 2022 के मीडिया प्रभारी विभाष पांडे ने बताया कि आज महाविद्यालय के हलधर हॉल में मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसके बाद गणपति वंदना में नृत्य प्रस्तुति विद्यार्थियों द्वारा की गयी। इसके बाद पूर्व छात्रों ने अपने कला का प्रदर्शन किया। इसके बाद कार्यक्रम के समापन पर आज हुई प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

प्रदर्शनी देखते मुख्य अतिथि संजय कुमार गंगवार, सीताराम कश्यप, साथ में अन्य।

आयोजन

- कला व शिल्प महाविद्यालय में शुरू हुआ तीन दिवसीय कला समागम

HINDUSTAN PAGE 4

एलयू के 16 छात्रों को मिली नौकरी

■ एनबीटी सं, लखनऊ :

एलयू के इंजिनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित रिक्रूटमेंट ड्राइव में चार कंपनियों ने 16 स्टूडेंट्स को कैंपस प्लेसमेंट दिया। चयनित स्टूडेंट्स को लाखों रुपये का पैकेज मिला है।

इंजिनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने वताया कि वर्तिका यादव, प्रतीक गुप्ता, आयुष कुमार,राशि सिंह,प्रशांत मिश्रा, यशस्वी श्रीवास्तव,चंद्रा, अनुष्का सिंह, गुलशन कुमार यादव, हिमांशु रंजन, मोहम्मद विलाल, नितेश यादव, आयुष पाण्डेय, नैंसी टंडन, प्राची मिश्रा, श्रेया लाल का चयन अलग-अलग पैकेज पर हुआ है।

आर्ट्स कॉलेज को वित्तीय सहायता दिलाएंगे : गंगवार

स्थापना दिवस

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। कला एवं शिल्प महाविद्यालय में शुक्रवार से तीन दिवसीय 111 वां स्थापना दिवस शुरू हुआ। छात्र-छात्राओं के आकर्षक रॉयल बुकाटी मॉडल, कबाड से जुगाड़ के रूप में तैयार तितली और गाड़ियों के पार्ट्स से बना कैमरामैन आकर्षित करने वाला था। ये समारोह 25 दिसम्बर तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त विकास अवस्थी ने गणेश वन्दना और नीतू सिंह राम वन्दना नृत्य प्रस्तुत किया।

स्थापना दिवस समारोह के उद्घाटन गन्ना व चीनी राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया। उन्होंने कला के विद्यार्थियों से कहा कि कला और कलाकार समाज को दिशा देने का काम करते हैं। गुजरात में विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा सरदार वल्लभ भाई पटेल की है। जिसे कलाकारों ने ही बनाया और इससे पूरे दुनिया में संदेश गया। उन्होंने कहा कि कला महाविद्यालय की परम्परा बहुत पुरानी है। यहां को वित्तीय सहायता दिलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करूंगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रतन कुमार ने बताया कि स्थापना दिवस के महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने मिलकर इस परिसर को सजाया है। समारोह में प्रदर्शनी भी लगायी गई जिसमें लगभग 500 कलाकृतियों को शामिल किया गया। इस मौके पर समागम के अध्यक्ष सीताराम कश्यप, सचिव गोपेन्द्र वर्मा समेत शिक्षक, छात्र और कर्मचारी मौजूद रहे। स्थापना दिवस समारोह में बड़ी संख्या में पूर्व छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।

कला एवं शिल्प महाविद्यालय के स्थापना दिवस पर छात्रों ने प्रदर्शनी लगाई ।

लविवि के 16 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) के इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित रिक्रूटमेंट ड्राइव में चार कंपनियों में 16 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। कंपनियों ने अलग-अलग पदों पर 4.5 लाख रुपए से 5.6 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज मिला है। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि डेक्रूटिस इंटरनेशनल कंपनी में बीटेक की छात्रा वर्तिका यादव का चयन ट्रेनी सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 5.6 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, इन्वेंटिक्स सॉफ्टवेयर प्रा.लि. कंपनी में बीटेक के तीन छात्रों प्रतीक गुप्ता, आयुष कुमार व राशि सिंह का चयन फुल स्टैक डेवलपर और एमसीए के एक छात्र प्रशांत मिश्रा का चयन फ्लटर डेवलपर के पद पर 4.7 लाख रुपए प्रतिवर्ष के पैकेज पर, बिग ओ नोटेशन प्रा. लि. कंपनी में बीटेक की एक छात्रा यशस्वी श्रीवास्तव का चयन ग्रेजुएट मैनेजमेंट इंटर्न के पद पर 4.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, कैशपोर माइक्रो क्रेडिट कंपनी में एमबीए के 10 छात्रों अभय चंद्रा, अनुष्का सिंह, गुलशन कुमार यादव, हिमांशु रंजन, मोहम्मद बिलाल, नितेश यादव, आयुष पांडेय, नैंसी टंडन, प्राची मिश्रा, श्रेया लाल का चयन ब्रांच मैनेजर-मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर अधिकतम 4.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : 20 विद्यार्थियों को मिला कैंपस प्लेसमेंट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 20 और विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो गया है। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि डेक्रूटिस इंटरनेशनल कंपनी में बीटेक की छात्रा वर्तिका यादव का चयन ट्रेनी साफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 5.6 लाख प्रतिवर्ष, इन्वेंटिक्स साफ्टवेयर में प्रतीक गुप्ता, आयुष कुमार, राशि सिंह का चयन फुल स्टैक डेवलपर और प्रशांत मिश्रा का चयन फ्लटर डेवलपर पद पर 4.7 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। बिग ओ नोटेशन कंपनी में यशस्वी श्रीवास्तव का चयन ग्रेजुएट मैनेजमेंट इंटर्न के पद पर 4.5 लाख और कैशपोर माइक्रो क्रेडिट कंपनी में अभय चंद्रा, अनुष्का, गुलशन, हिमांशु, मोहम्मद, नितेश, आयुष, नैंसी, प्राची, श्रेया लाल का चयन ब्रांच मैनेजर-मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर अधिकतम 4.5 लाख प्रतिवर्ष पर हुआ है।

आइएमएस के ये चयनित : संस्थान की ओएसडी प्रो. विनीता काचर ने बताया कि एमबीए की छात्रा नैंसी टंडन, आयुष पांडेय, श्रेया लाल, प्राची मिश्रा का चयन कैशपोर माइक्रो क्रेडिट कंपनी में ब्रांच मैनेजर मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर हुआ है। इन्हें 4.5 लाख रुपये सालाना मिलेगा।

जिस संकाय का विद्यार्थी, उसी में लगेगी को-करिकुलर कक्षाएं

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक स्तर पर को-करिकुलर कोर्सों के संचालन को लेकर आ रही समस्या को दूर कर दिया है। शुक्रवार को कुलसचिव और सभी संकायाध्यक्षों के साथ हुई बैठक में तय हुआ है कि जिस संकाय का विद्यार्थी है, उसी संकाय में उसकी को-करिकुलर की कक्षाएं चलेंगी। को-करिकुलर के लिए जो कोर्स तैयार किए गए हैं, उनमें से डीन अपने स्तर पर विकल्प विद्यार्थियों को देंगे। इस कोर्स पूरा करने के लिए छुट्टियों में भी कक्षाएं चलाने पर सहमति बनी है।

लवि ने सत्र 2022-23 के लिए दो दिन पहले स्नातक प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के लिए को-करिकुलर कोर्सों की सूची जारी की थी। लेकिन यह नहीं बताया गया कि इनकी कक्षाएं कैसे और कहां होंगी। गुरुवार को इस समस्या से काफी छात्रों को परेशान होना पड़ा था। शुक्रवार को कुलसचिव संजय मेधावी ने सभी डीन के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि यह तय हुआ है कि जिस फैकल्टी का छात्र है, उसकी को-करिकुलर की कक्षाएं भी वहीं होंगी। यह भी सहमति बनी कि इस कोर्स को पूरा करने के लिए छुट्टी एवं रविवार को भी कक्षाएं चलाई जाएंगी।

डीन कामर्स ने जारी किए को-करिकुलर के विकल्प

बैठक के बाद डीन कामर्स प्रो. आरके माहेश्वरी ने बीकाम प्रथम व तृतीय सेमेस्टर में पढ़ाए जाने वाले को-करिकुलर कोर्सों के नाम जारी कर दिए। प्रथम सेमेस्टर में लीडरशिप एंड पर्सनालिटी डेवलपमेंट, इन्वायमेंट एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट, पर्सनालिटी डेवलपमेंट एंड ग्रोमिंग में से एक, तृतीय सेमेस्टर में सेल्फ इन्हैंसमेंट स्किल्स, इंटरव्यू प्रीप्रेशन एंड प्लानिंग, आर्गेनाइजेशनल लीडरशिप में कोई एक विषय विद्यार्थी ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि इनकी कक्षाओं की समय सारिणी शनिवार को जारी होंगे। कला संकाय की ओर से शनिवार को विभागाध्यक्षों की बैठक के बाद को-करिकुलर कोर्स चलाने पर निर्णय होगा।

सूची में कोर्सों की संख्या बढ़ी

स्नातक प्रथम सेमेस्टर में पहले 19 और तृतीय सेमेस्टर में 16 कोर्स थे। अब इसमें संख्या बढ़ गई है। प्रथम सेमेस्टर में 29 और तृतीय सेमेस्टर में 18 कोर्स का विकल्प दिया गया है।

नगर की अन्य महत्वपूर्ण खबरें www.jagran.com पर पढ़ें

विद्यार्थियों की कलाकारी को निहारते रहे दर्शक

लखनऊ : कला और शिल्प महाविद्यालय के 111 वें स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कला समागम शुक्रवार से शुरू हुआ। इसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और कलाकारों ने अपनी रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन कर ऐसे चित्रों की प्रदर्शनी लगाई कि दर्शक चित्रों को काफी देर तक निहारते और सराहते नजर आए। कला समागम का गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने उद्घाटन किया। 23 से 25 दिसंबर तक चलने वाले इस कला समागम की शुरुआत करते हुए गन्ना राज्य मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार कला और शिल्प कला को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की योजना चला रही है। संयोजक शशिभाल सिंह, प्राचार्य प्रो. रतन कुमार समेत कई अन्य उपस्थित रहे। (जासं)

i-NEXT PAGE 4

20 विद्यार्थियों को मिला कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ विश्वविद्यालय के 20 और विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो गया है. विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित रिक्रूटमेंट ड्राइव में चार कंपनियों में 16 स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हुआ है. इनमें बीटेक और एमबीए के विद्यार्थी शामिल हैं. वही, इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंस (आइएमएस) के भी चार छात्र-छात्राओं का चयन हुआ. इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि डेक्रूटिस इंटरनेशनल कंपनी में बीटेक की छात्रा वर्तिका यादव का चयन ट्रेनी साफटवेयर इंजीनियर के पद पर 5.6 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 7

शिल्प कला को बढ़ावा दे रही सरकार : संजय

लखनऊ (एसएनबी)। कला एवं शिल्प महाविद्यालय के 111वें स्थापना दिवस के तीन दिवसीय कला समागम-2022 का आज राज्य के गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्य ललित कला अकादमी और एल्युमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष सीताराम कश्यप, विशिष्ट अतिथि शंकर लाल लोधी उपस्थित थे। कार्यक्रम के पहले दिन देश विदेश से आए कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई।

■ तीन दिवसीय कला समागम-2022 शुरू
■ देश-विदेश से आए कलाकारों ने लिया हिस्सा

लखनऊ : तीन दिवसीय कला समागम-2022 का दीप जलाकर उद्घाटन करते गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार। (फोटो : एसएनबी)

SWATANTRA BHARAT PAGE 4

कला एवं शिल्प महाविद्यालय का 111वां स्थापना दिवस आयोजित

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। कला एवं शिल्प महाविद्यालय, ललित कला संकाय, एलयू, नदवा, ठेगोर मार्ग को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। इस कला महाविद्यालय की स्थापना सन् 1911 ई. में हुई तथा इसको एलयू में सन् 1975 में सम्मिलित किया गया। इसके प्रथम प्रधानाचार्य थेनियल हुए थे जो एक ब्रिटिश कलाकार थे जबकि प्रथम भारतीय प्राचार्य स्व. असित कुमार हल्दार नियुक्त हुए। वर्तमान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रतन कुमार हैं। राजधानी में शुक्रवार को महाविद्यालय का 111वें वर्षगांठ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के छात्र-छात्रायें एवं कर्मचारियों ने मिलकर परिसर को सजाया। छात्र-छात्राओं की कलाकृतियों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी, जिसमे लगभग 500 कलाकृतियाँ शामिल हुईं। यहाँ के भूतपूर्व तथा वर्तमान छात्रों का एक दूसरे से समागम हुआ। इस कार्यक्रम का नाम उत्तर प्रदेश कला समागम है। आज यह महाविद्यालय एक शिल्पग्राम में परिवर्तित हो गया और परिसर में विभिन्न स्थानों पर वरिष्ठ कलाकारों की उपलब्ध कलाकृतियों को पुनः रंग-रोगन करके नवीन रूप प्रदान किया गया, जैसे- मुख्य द्वार की बुद्ध मूर्ति और प्रांगण का समुद्र मंथन, नवरस एवं नायिका आदि। वर्तमान में शिक्षारत युवा कलाकारों ने विभिन्न स्थानों पर इंस्टॉलेशन भी लगाये।इस कार्यक्रम का शुभारम्भ शुक्रवार को हाल्दार हॉल में मुख्य अतिथि संजय सिंह गंगवार, राज्यमंत्री द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रतन कुमार, समागम के अध्यक्ष सीताराम कश्यप, सचिव गोपेन्द्र वर्मा, शिक्षक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त विकास अवस्थी तथा नीतू सिंह ने गणेश और राम वंदना नृत्य प्रस्तुत किया। यह 3 दिवसीय कार्यक्रम 25 दिसम्बर तक चलेगा, जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है, जिसमें छात्र फेस पेन्टिंग, कार्टून, कॅरिकेचर आदि एवं शाम को महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जायेगी एवं इन प्रतियोगिताओं का परिणाम हर शाम घोषित किया जायेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, भूतपूर्व तथा वर्तमान छात्र उपस्थित रहे और इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

विधि संकाय में लिटरेरी इवेंट्स का आयोजन

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। एलयू के विधि संकाय में ए.डी.आर. ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसायटी द्वारा प्रथम डॉ. वी. एन. शुक्ला इंटर कॉलेजियेट लिटरेरी कंपटीशन का आयोजन आगामी 6 एवं 8 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. बंशीधर सिंह ने कार्यक्रम के पोस्टर का अनावरण करते हुए बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, लीगल डिबेट, लीगल क्विज, एवं आर्टिकल राइटिंग इंवेट आयोजित किए जायेंगें। ए.डी.आर. ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसायटी के प्रेसीडेंट तुषार पांडेय व कंवेनर स्वराज शुक्ला ने बताया कि इस आयोजन की विस्तृत जानकारी विधि संकाय व अन्य संकायों के साथ ही विभिन्न संबद्ध कॉलेजों के छात्रों को भी दी जा रही है ताकि प्रत्येक छात्र को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके। इस अवसर पर स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी एवं सोसायटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

एलयू के 16 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। एलयू के इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित रिक्रूटमेंट ड्राइव में चार कंपनियों में 16 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि डेक्रूटिस इंटरनेशनल कम्पनी में बीटेक की छात्रा वर्तिका यादव का चयन ट्रेनी सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 5.6 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, इन्वेंटिक्स सॉफ्टवेयर प्रा. लि. कम्पनी में बीटेक के 03 छात्रों, प्रतीक गुप्ता, आयुष कुमार एवं राशि सिंह का चयन फूल स्टैक डेवलपर और एमसीए के 1 छात्र प्रशांत मिश्रा का चयन फलटर डेवलपर के पद पर 4.7 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, बिग ओ नोटेशन प्रा. लि. कंपनी में बीटेक की 1 छात्रा यशस्वी श्रीवास्तव का चयन ग्रेजुएट मैनेजमेंट इंटर्न के पद पर 4.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर और कैशपोर माइक्रो क्रेडिट कंपनी में एमबीए के 10 छात्रों अभय चंद्रा, अनुष्का सिंह, गुलशन कुमार यादव, हिमांशु रंजन, मोहम्मद बिलाल, नितेश यादव, आयुष पाण्डेय, नैंसी टंडन, प्राची मिश्रा और श्रेया लाल का चयन ब्रान्च मैनेजर- मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर अधिकतम 4.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. ए. के. सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

TIMES OF INDIA PAGE 3

Arts college students curate scrap to artefact with aplomb

Times News Network

Lucknow: Students of College of Arts and Crafts took the opportunity of the institute's 111 foundation day on Friday to display their creativity by decorating the campus using old bicycle pedals, fuel tanks, old metal sheets and pipes.

An old Hero Honda bike parts used to make a photographer capturing a sunflower and a cycle pedal and table fan used to make a butterfly were the cynosure of all eyes. Former students of the institute dubbed the creativity as 'Kabad se sunder Jugad' (best out of waste). Over 500 artworks made by students along with stalls of various craftwork, sculptures and others were also on display. "After years, such a festival has been seen on the campus that is a motivation for all of us," said BFA student Kavita Singh.

MVA student Shivam Singh said: "In hunt of scrap, I visited factories, workshops and bicycle shops for making the butterfly and cameraman clicking a picture to give the message 'nothing is waste.'"

The event was inaugurated by state sugarcane minister Sanjay Gangwar.

Ajay Kumar

CREATIVITY AT ITS BEST Over 500 artworks made from waste can be seen at College of Arts and Crafts

Works of 43 noted artists on display

Times News Network

Lucknow: Art works of 43 prominent and veteran artists who have been the students and teachers of the College of Arts and Crafts of Lucknow University are on display at the three-day exhibition that began at State Lalit Kala Akademi (SLKA) on Friday.

The exhibition, which is also a part of College of Arts and Crafts 111nd foundation day celebrations, will remain open for the visitors from 11 am to 6 pm daily.

The renowned artists whose work one can see in the exhibition include BN Arya, RS Bisht, PC Little, ML Nagar, Jai Krishna Agrawal, Yogendra Nath 'Yogi' and Kiran Singh Rathore.

Overall, exhibits are part of the exhibition. These paintings are made using various forms of colours, acrylic, water, pen and oil, and with different techniques such as wash, etching and batik.

"These paintings are a part of Akademi's reserve and have been exhibited for the young generation and promote art," said special secretary culture and tourism and director SLKA Anand Kumar.

The exhibition was inaugurated in the presence of some eminent artists like Sitaram Kashyap, Ajit Singh, Gangadutt Upadhyay, Ravikant Pandey and arts college principal Ratan Kumar.

HT PAGE 3

THREE-DAY KALA SAMAGAM INAUGURATED AT ARTS COLLEGE

**